वार्षिक परीक्षा–2020

परीक्षा क्रेन्द्र क्रमांक व नाम – 357, डॉ.भीमराव अंबेडकर शास.महाविद्यालय,बलौदा

"Exam From Home" पद्धति से परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु परीक्षार्थियों हेतु निर्देश

A. उत्तर–पुस्तिका का ऑनलाईन वितरण

1– परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख पृष्ठ (कव्हर पेज) को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.prsu.ac.in एवं www.prsuuniv.in से डाउनलोड करेंगें। यदि उत्तर–पुस्तिका का मुख पृष्ठ (कव्हर पेज) डाउनलोड नहीं हो पाता है तो परीक्षार्थी उत्तर पुस्तिका के मुखपृष्ठ का प्रारूप ए–4 साईज के पेपर पर स्वंय भी पेन से बना सकते है।

2– उत्तर–पुस्तिका के मुखपृष्ठ के साथ परीक्षार्थी ए–4 आकार का कागज अपनी आवश्यकतानुसार उपयोग कर स्टेपल/टैगिंग करें।

3– उत्तर ए–4 साईज पेपर में लिखना होगा। परीक्षार्थी उत्तर लिखने के लिए अधिकतम 32 पृष्ठ तक का ही उपयोग करें।

4– जिन परीक्षार्थियों ने महाविद्यालय/परीक्षा केंद्र से उत्तर–पुस्तिका प्राप्त कर ली है वे उत्तर–पुस्तिका का उपयोग उत्तर लिखने के लिए करेंगें।

5– परीक्षार्थी प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए अलग–अलग उत्तर पुस्तिका का उपयोग करेंगें।

B. उत्तर–पुस्तिका जमा करने संबंधी निर्देश

1– परीक्षार्थी अपनी अंतिम परीक्षा समाप्त होने के बाद 05 दिवस के अंदर समस्त उत्तर–पुस्तिकाओं को एक साथ बंद लिफाफा में अपने परीक्षा–केंद्र में स्पीडपोस्ट/डाक/कूरियर अथवा ईमेल के माध्यम से भेजेंगे।

2– डाक से भेजे जाने वाली उत्तर–पुस्तिका के लिफाफे पर परीक्षार्थी अपना नाम, कक्षा का नाम, अपना रोल नंबर, नामांकन नम्बर एवं उत्तर–पुस्तिका की संख्या स्पष्ट रूप से लिखेंगे।

नाम	
कक्षा	
रोल नंबर	
नामांकन नंबर	
उत्तर–पुस्तिका की संख्या	

3– परीक्षार्थी अपने प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा–केंद्र के ही पते (प्राचार्य, डॉ.भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा जिला महासमुंद (छ.ग.) पर अथवा E-mail - govtcollegebaloda2012@gmail.com पर ही लिखित उत्तर–पुस्तिका को प्रेषित करें।

4– ईमेल से प्रेषित उत्तर–पुस्तिकाओं की हार्डकॉपी को परीक्षार्थी द्वारा संबंधित परीक्षा–केंद्र में डाक से भेजना अनिवार्य है।

C. प्रश्न–पत्र प्राप्त करने संबंधी निर्देश

1– विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय–सारिणी अनुसार प्रश्न–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.prsu.ac.in एवं www.prsuuniv.in तथा इस महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtcollegebaloda.ac.in पर उपलब्ध रहेंगे। परीक्षार्थी अपने प्रश्न–पत्र का अवलोकन कर डाउनलोड कर सकते है।

आदेशानुसार